दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

वर्ष : 11 ● डिजिटल अंक : 96 ● मुंबई, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024 ● प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 2 ● मूल्य-0.00 ● नि:शुल्क ●

## थाली भरने लाई में खिचड़ो, उपर घी की वाटकी, भजनों पर देर रात तक झुमें श्रद्धालु

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण युवा परिषद, श्री परशुराम गरबा मण्डल, उदयपुर एवं श्री लक्ष्मीनारायण औदिच्य समाज मंदिर ट्रस्ट पाणुन्द के संयुक्त तत्वावधान में एक शाम ठाकुर जी के नाम भव्य भक्ति संध्या का आयोजन औदिच्य समाज के भामाषाओं एवं वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। संस्थापक हीरालाल गोकलावत एवं परिषद अध्यक्ष जमनाशंकर धुलावत एवं औदिच्य समाज ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीलाल डूंगावत ने बताया कि श्री भगवान लक्ष्मीनारायण का 12वां भव्य अन्नकूट महोत्सव समारोह श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर पाणून्द में धूमधाम से आयोजित हुआ। वहीं विशाल भजन संध्या स्व. पन्नालाल डूंगावत की स्मृति में जगदीश लाल, लक्ष्मीलाल, तुलसीराम, रूपलाल, दिलीप एवं गणेशलाल डूंगावत की ओर से आयोजित गई उसमें कानोड़ के प्रसिद्ध भजन गायक रामजी राव, चावण्ड नारसिंह माता के मुख्य भोपाजी नारायणलाल, राजसमंद के भजन सम्राट ओम प्रकाश लोहार व नरेश लोहार द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

जिसमें थाली भरने लाई में खिचड़ों, उपर घी की वाटकी..., मण्डफिया वाला सेठ सांवरा, मने काली गाड़ी लानी..., सांवरियों है सेठ राधा जी सेठानी है....सहित अनेक प्रकार के गरबों पर श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झुमें। पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल पतावत, नारायण हीरावत व पूर्व कोषाध्यक्ष डालचंद बोरीवाला व भोपाजी गणेशलाल औदिच्य ईडाणा ने बताया कि गांव में समाज का भवन बनवाने वाले भामाशाहों तथा वरिष्ठजनों को समाज गौरव अलंकरण से अंलकृत किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी पन्नालाल माडसाब, वैद्यराज शोभालाल औदिच्य, विप्र सेना के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल, भामाशाह धमेन्द्र औदिच्य सवीना, समाजसेवी महेन्द्र भारद्वाज पूला, गौतमलाल औदिच्य करावली, चित्रकार चेतन औदिच्य, गौतमलाल पतावत, शंकरलाल हीरावत, तुलसीराम डूंगावत, शोभालाल गोकलावत, नाथुलाल धूलावत, प्रेमशंकर रोडदा, दिनेश औदिच्य आट, जगदीश औदिच्य तितरडी, जगदीश डूंगावत, कैलाश औदिच्य करावली, शांतिलाल डूंगावत, प्रेम औदिच्य अडिन्दा सहित कई समाजजनों का सम्मान किया। भक्ति-संगीत संध्या के बाद महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मण्डफिया से आए कलाकार ने भगवान लक्ष्मीनारायण जी को विशेष वेशभूषा का श्रृंगार करवाया गया।

## सुसंस्कृत नागरिक का निर्माण करने के लिए भारत विकास परिषद जैसी संस्थाओं का होना अति आवश्यक है -सहकरिता मंत्री गौतम दक

### भारत विकास परिषद की की तीन नवीन शाखाएं वात्सल्य, पद्मिनी व आदित्य का दायित्व ग्रहण समारोह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** संस्कार के विविध प्रकल्पो जैसे राष्ट्रीय समुह गान प्रतियोगिता,भारत को जानो प्रतियोगिता, संस्कृति सप्ताह ,नव संवत्सर कार्यक्रम, योग, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आदि भारत विकास परिषद द्वारा वृहद स्तर पर जन चेतना के कार्य किए जाते हैं।

उदयपुर जिला समन्वयक राकेश नंदावत के बताया कि दयित्व ग्रहण कार्यक्रम के समारोहाधिपति गौतम दक सहकारिता मंत्री, मुख्य अतिथि डी डी शर्मा राष्ट्रीय मंत्री भारत विकास परिषद, कार्यक्रम अध्यक्ष गिरीश पानेरी, सम्मानित अतिथि जय राज आचार्य थे। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक तारा चंद जैन एवं



उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा थे।अतिथियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर मल्यार्पण किया । समन्यक राकेश नंदावत ने आव्हान किया कि पूरे देश को भारत विकास परिषद अपने कार्यकर्ता के माध्यम से कुपोषण मुक्त करने कार्य प्राथमिकता से करेगी।सहकारिता मंत्री गौतम दक ने उद्बोधन में कहा की सु संस्कृत नागरिक का निर्माण करने के लिए भारत विकास परिषद जैसी संस्थाओं का होना आवश्यक है। ये समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहकर उनके सदस्य कार्य करते हैं।

सभी को भारत विकास परिषद से जुड़ने का आह्वान किया। शिल्पा पामेचा के अनुसर मुख्य अतिथि शर्मा ने तीन शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को सदस्य को चार्टर प्रदान किया। और दायित्व ग्रहण करवाया। वात्सल्य शाखा से गजेंद्र सुराणा अध्यक्ष, ललित चौधरी सचिव, अशोक कूकड़ा को कोषाध्यक्ष एवं राजस्थान की पहली महिला शाखा के रूप में शिल्पा पामेचा को अध्यक्ष, सचिव बलदीप शर्मा ,कोषाध्यक्ष सोनिका चौहान ने पद्मिनी शाखा तथा शुभम गाँधी अध्यक्ष, ईशान जायसवाल सचिव एवं दुष्यन्त शर्मा कोषाध्यक्ष ने अद्वितीय शाखा का कार्यभार ग्रहण किया शांतिलाल गोदलिया द्वारा वंदे मातरम गायन किया। संचालन आलोक पगारिया ने किया व प्रशांत व्यास ने धन्यवाद दिया।अंत में जन गण मन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।यह जानकारी मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने दी।

## वरड़ा में हुई विशेष कला कार्यशाला

## विद्यार्थी खुद को अपडेट रखें, जीके, स्केचिंग और सोशल मीडिया को भी दें समय



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** हर विद्यार्थी प्रतिदिन कक्षा शिक्षण के अतिरिक्त समय में जीके, स्केचिंग और सोशल मीडिया को भी थोड़ा–थोड़ा समय दें और अपने हुनर को निखारते हुए खुद को अपडेट करें वरना इस प्रतिस्पर्धा के युग में बहुत पीछे रह जाएंगे।

यह विचार विभिन्न वक्ताओं ने शिक्षा, कला और संस्कृति संरक्षण को समर्पित कश्ती फाउंडेशन के बैनर तले शहर के समीपस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा में आयोजित विशेष कार्यशाला व संवाद सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने बताया कि इस मौके पर चित्रकार राहुल माली ने विद्यार्थियों को स्केचिंग की बारीकियों और पोट्रेट बनाने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भीतर छिपी कला को उजागर करने व कला क्षेत्र में करियर बनाने का आह्वान किया। इस दौरान राहुल ने कई विद्यार्थियों के पोट्रेट भी बनाए।

सृजनधर्मी शिक्षक हेमंत जोशी ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक समाचार पत्र को पढ़ने और सामान्य ज्ञान की नींव को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इसी प्रकार बतौर सोशल मीडिया एक्सपर्ट संदीप राठौड़ ने सोशल मीडिया के विविध आयामों के बारे में जानकारी दी और कहा कि आज सोशल मीडिया के सहारे व्यक्ति एक छोटे से गांव में रहकर भी संपूर्ण विश्व में पहुंच स्थापित कर सकता है।

## सामाजिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** तलेसरा विकास संस्था उदयपुर एवं मोदीकेयर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को उदियापोल स्थित होटल गोरबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। तलेसरा विकास संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र तलेसरा ने बताया कि इस कार्यशाला में जयपुर से आमंत्रित विशेषज्ञ शुभ्रचंद्रा ने सहभागियों को बताया कि दिनचर्या और खानपान में सकारात्मक परिवर्तन कर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए, जिनकी रिपोर्ट तत्काल प्रदान की गई। श्रीचंद्र ने प्रत्येक प्रतिभागी का स्वास्थ्य विश्लेषण कर उन्हें आवश्यक सुधारों की सलाह दी। तलेसरा विकास संस्था के संयोजक प्रकाश चंद्र तलेसरा ने बताया कि यह कार्यशाला समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर मीना-महेन्द्र तलेसरा, नीना मेहता, मीनाक्षी पंड्या, यह्या-सईदा भोजिया, हंसा-प्रमोद जोशी, जयश्री-सुशील भट्ट, नानाराम, और लोकेश पारिख ने विशेष योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## देश का प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड उदयपुर पुलिस को

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में उदयपुर पुलिस को उनके कार्यक्रम हेलो मम्मी और लेडी पेट्रोल टीम के गठन एवं उत्कृष्ट कार्य पर सिल्वर स्कॉच अवार्ड प्रदान किया गया। यह पुरस्कार सबसे स्वतंत्र पुरस्कार है और सरकार के काम का एक स्वतंत्र मूल्यांकन है। स्कॉच अवार्ड एक स्वतंत्र संगठन द्वारा प्रदत्त देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, यह पुरस्कार उन लोगों मंडलों और सहयोगियों को प्रदान किया जाता है जो भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। उल्लेखनीय है कि सिल्वर अवार्ड भारत में तीन जिलों को प्रदान किए गए जिसमें बड़ौदा को साइबर कार्य के लिए बीकानेर को पुलिस पब्लिक पंचायत के लिए और उदयपुर को हेलो मम्मी ग्रुप और लेडी टीम के गठन के लिए। बीकानेर के लिए बीकानेर रेंज के महानिरीक्षक ओमप्रकाश आईपीएस को, उदयपुर के लिए श्रीमती चेतना भाटी डीवाईएसपी को पुरस्कृत किया




गया। उल्लेखनीय है कि कोरोना के समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के निर्देशन पर तीन महिला पुलिस अधिकारियों श्रीमती चेतना भाटी, श्रीमती प्रेम धंदे एवं श्रीमती सुधा पालावत ने हेलो मम्मी ग्रुप का गठन किया था जिसका उद्देश्य कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को मदद पहुंचाना था, इस ग्रुप के द्वारा कई महिलाओं को एंबुलेंस डॉक्टर दवाइयां व अन्य जानकारी की मदद पहुंचाई गई वर्ष 2016 में सबसे पहले राजस्थान में लेडी पुलिस पेट्रोलिंग टीम का गठन किया गया जिसकी यूनिफॉर्म का कलर पहली बार ब्लू रखा गया जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं बच्चियों एवं पर्यटकों को मदद पहुंचाना है सर्वप्रथम इस पेट्रोलियम टीम की शुरूआत उदयपुर से करी गई उसके बाद में उसे राजस्थान के अन्य जिलों में भी लागू किया गया है।

## विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविरों में अधिकारी-कर्मचारी नदारद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीनमाल ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान जयपुर के निदेर्शानुसार घुमन्तु समुदाय के विकास के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे-वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमन्तु जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवासविहिन व्यक्तियों को निःशुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि पर आवास निर्माण स्वीकृति, राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना यथा-पालनहार, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं में पात्र घुमन्तु समुदाय को जोड़े जाने के लिए 27 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक प्रत्येक पंचायत समिति में ग्राम पंचायतों के कलस्टर एवं नगरीय निकायों में शहरी वार्डों के कलस्टर बनाकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। उक्त शिविर के पहले ही दिन अव्यवस्था का आलम दिखाई दिया । स्थानीय नगरपालिका में आयोजित शिविर में एक भी अधिकारी एवं कर्मचारी नहीं पहुँचे । जो टेन्ट लगाया गया था, उस शामियाना के अन्दर सभी कुर्सियां खाली पड़ी थी । कोई जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी जबाब देने वाला नहीं था । जो नागरिक अपने काम से शिविर में आये थे, वे भी एक दो घंटे इन्तजार कर वापस लौट गये । एक दो कर्मचारी कहीं बैठ कर मोबाइल पर लगे हुए भी दिखाई दिये । जब उनसे पूछा गया कि यहां पर हमारा काम कौन करेगा तब जबाब मिला कि हम क्या करे, कोई भी अधिकारी नहीं आया है तो मैं क्या कर सकता हूँ । उधर नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में प्रचार-प्रसार के अभाव में भी नागरिकों की उपस्थिति नगण्य ही देखी गई । कुल मिलाकर शिविर से जो लाभ नागरिकों को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल रहा है । सरकारी तंत्र रीत का रायता कर अपनी इतिश्री समझ रहे हैं ।

## फतहसागर की पाल पर सुरों से सजी सुबह : मुकेश माधवानी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** रविवार की सुबह फतहसागर की पाल पर संगीत प्रेमियों के लिए एक खास अनुभव लेकर आई, जब सुरों की मंडली के गायकों ने अपनी सुरीली आवाजों से माहौल को संगीतमय कर दिया। इस आयोजन ने वहां मौजूद सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि पिछले महीने के दूसरे रविवार को आयोजित सुर प्रभाती कार्यक्रम को शहरवासियों ने बहुत पसंद किया था। इस सफलता से प्रेरित होकर, अब यह कार्यक्रम हर रविवार सुबह 7:30 बजे आयोजित करने का फैसला लिया गया है। इस बार कार्यक्रम का संयोजन कैलाश केवलिया और सह-संयोजक दिलीप जैन सवीना ने किया। उन्होंने मंडली के गायकों को बुलाकर फतहसागर की पाल पर मौजूद संगीत प्रेमियों को सुंदर गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया। कैलाश ने ये शाम मस्तानी और प्यार दीवाना होता है जैसे लोकप्रिय गीत गाए, जिससे सभी को गुनगुनाने का मौका मिला। दिलीप ने आज मौसम और चंद्रप्रकाश गंधर्व ने तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है जैसे गीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा, योगेश उपाध्याय ने तुमसे बना मेरा जीवन और जीवन के दिन जैसे गीत गाए, जिन्हें श्रोताओं ने बेहद पसंद किया। गायकों में प्रकाश शर्मा और मधु केवलिया ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सबका दिल जीता।



कार्यक्रम के दौरान कई संगीत प्रेमियों ने गायकों के साथ सेल्फी ली और फोटो खिंचवाई। कुछ ने अपने पसंदीदा गीतों की फरमाइश भी की। फतहसागर की पाल पर लोगों का उत्साह देखने लायक था। सभी ने सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी का आभार जताया। आपको बता दें कि आगामी रविवार को भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## नाबालिका के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गुजरात से किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर ।** पुलिस थाना कोतवाली, डूंगरपुर ने नाबालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी प्रकाश उर्फ जैला को गुजरात के मोडासा से गिरफ्तार कर लिया। डूंगरपुर निवासी एक व्यक्ति ने 3 नवंबर 2024 को अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण की रिपोर्ट पुलिस थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, उसकी बेटी फतेहपुरा, डूंगरपुर से सामान लेने जा रही थी, जब आरोपी उसे जिला कारागृह डूंगरपुर के पास से बहला-



फुसलाकर भगाकर ले गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि आरोपी ने पीड़िता को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व वृत्ताधिकारी तपेन्द्र मीणा के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। थानाधिकारी भगवानलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी के ठिकानों पर दबिश दी। 2 दिसंबर 2024 को मोडासा, जिला अरवल्ली, गुजरात से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने पीड़िता को राजकोट स्थित पापड़ बनाने की फैक्ट्री में पत्नी बनाकर रखने और दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की। पुलिस टीम में पुलिस निरीक्षक भगवानलाल, थानाधिकारी, उप निरीक्षक अमृतलाल, सहायक उप निरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल जितेन्द्रसिंह, पंकज, हरिश, गोविन्दसिंह शामिल रहे।

## आपसी मनमुटाव के बाद उजड़ते घर को पुन: करेंगे स्थापित : बागड़ी

### श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की एक और अनूठी पहल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने संयुक्त रूप से समाज को आव्हान करते हुए कहां कि समाज में लडका एवं लडकी की शादी के एक-दो साल में आपसी मनमुटाव के कारण अलग हो रहे परिवारों को एक जाजम पर बैठाकर पुनः स्थापित करना श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की मुख्य पहल होगी। बागड़ी ने बताया कि बचपन में हुई शादियों के बाद युवा अवस्था में युवक-युवतियों में आपसी कोई मनमुटाव हो जाता है जिससे घर टूटने के कागार पर आ



जाता है। इसलिए संगठन ने यह निर्णय लेते हुए युवक-युवतियों को आपस में बैठाकर उनके हित का कार्य किया जाएगा। ताकि समाज के पंचों द्वारा एक जाजम पर वर एवं वधु दोनों के परिजनों को बुलाकर आपसी रजामंदी करवा कर पुनः टूटे हुए घर को पुनः सुचारू रूप से शुरू करने की पहल की जाएगी। वहीं बागड़ी ने बताया कि श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन ने अभी तक कई लोगों के घरों को उजडने. से बचाया और कई लोगों को कानून की जंजाल में पडने. से छुड़ाया। संगठन की ओर से एक अच्छी मुहिम चल रही है जिसमें हम घर तोडने नहीं, घर जोडने का काम कर रहे हैं। जहां कहीं भी हमें परिवार में आपसी मनमुटाव का पता चलता हैं तो संगठन के पदाधिकारी वहां जाजम पर बैठकर आपस में सौहार्द्रपूर्ण निपटारा करवा रहे हैं। अब तक ऐसे कई परिवारों और दंपती का संगठन के पदाधिकारियों ने घर जोडा है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, जय निमावत, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सामरिया, राष्ट्रीय महासचिव पूरण खटीक, महिला मण्डल की राष्ट्रीय महामंत्री पम्मी पहाडिया, प्रदेशाध्यक्षा खुशी चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चौहान, देहता जिला उपाध्यक्ष राहुल बागड़ी, उपाध्यक्ष दिनेश चावला, विजय निमावत, दिनेश खटीक, लालचंद खटीक, करण खटीक, भेरूलाल चंदेल, महेन्द्र निमावत, विजय कुमार बागड़ी, माया खटीक, भावेश खटीक, राजेश खटीक, राजू चौहान, मयंक खटीक, प्रवीण खटीक, रोनक खटीक, राहुल चौहान सहित संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आवासन मण्डल द्वारा बिना मुवावजा दिये किसानों की भूमि में अतिक्रमण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** पानेरियों की मादड़ी के खातेदारों की कृषि भूमि पर आवासन मण्डल द्वारा बिना मुआवजा दिये जबरन किसानों की जमीन के अन्दर पुलिस बल के साथ किसानों एवं महिलाओं के साथ धक्का-मूक्की व जोर-जबरजस्ती करके अतिक्रमण कर किसानों को बेदखल करने का प्रयास किया। किसानों के भारी आक्रोश एवं विरोध से जिला कलेक्टर महोदय जी ने आवासन मण्डल को एक पत्र लिखा जिसमें काश्तकार द्वारा उपलब्ध कराए गए नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रत्र क्रमांक प. 6 (29) नगरीय विकास विधि/3/2020 के पैरा संख्या-3 खण्ड (8) के पश्चात नवीन खण्ड (8-ए) दि. 4-11-2020 के तहत 15 प्रतिशत के बजाय 25 प्रतिशत देने के आदेश दिये, जिस पर आवसन मण्डल ने सन 2020 में कई खातेदारों 20 प्रतिशत आवसीय एवं 5 प्रतिशत कॉमर्शियल मुआवजा दिया गया है। जिस पर जिलाधीश महोदय ने आवसन मण्डल के संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर किसानों को आश्वस्त किया कि यदि इसी जमीन से लगी जमीन का मुआवजा आवसन मण्डल द्वारा 25 प्रतिशत दिया है तो निश्चित में रूप से आपको 25 प्रतिशत का आंवटन किया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या मौजुद किसानों ने काफी विनती की परन्तु पुलिस बल एवं आवासन मण्डल के अधिकारियों ने किसानों की बिलकुल नहीं सूनी और एक तरफा कार्यवाही की।

## सुशासन दिवस 25 को, होंगे विविध आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार की ओर से 25 दिसम्बर को राज्य सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान विविध आयोजन होंगे।

जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए जिला, नगर निकाय, पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सुशासन दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर निर्देशित किया है। जिला कलक्टर पोसवाल ने बताया कि सुशासन दिवस पर जिला मुख्यालय एवं नगर निगम मुख्यालय का कार्यक्रम एक ही स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन होगा। कार्यक्रम में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर सुशासन रैली-प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। सभी जनप्रतिनिधियों और कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही मुख्य जिला शिक्षाधिकारी के माध्यम से अटल विचार संगोष्ठी एवं अटल कविता पठन कार्यक्रम होगा। साथ ही 25 से 31 दिसम्बर तक स्वच्छता सप्ताह आयोजित किया जाएगा।

# श्रीयादे देवी जयंती पर प्रजापत समाज की ओर से निकली भव्य शोभायात्रा, नवनिर्मित सराय का होगा उद्घाटन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्रीयादे देवी मंदिर परिसर में मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखला की बैठक आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष देवीलाल प्रजापत सराय थे वहीं अध्यक्षता गणेश लाल प्रजापत घासा ने की। मेवाड चौखले के मीडिया प्रभारी भगवान प्रजापत ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने बताया कि समाज की ओर नवनिर्मित सराय का उद्घाटन 31 जनवरी को होगा। उद्घाटन की पूर्व संध्या पर सत्यनारायण कथा व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 31 जनवरी को श्रीयादे देवी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर श्रीयादे देवी जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और नवनिर्मित सराय का उद्घाटन किया जाएगा।

इस मौके पर समाज के भामाश-ाहों का सम्मान किया जाएगा। संयुक्त महामंत्री डी सी प्रजापत बिठोली ने बताया कि मेवाड़ चौखले की टेलिफोन डायरेक्ट्री का जयंती महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम में विमोचन किया जाएगा। कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापत दरौली ने बताया कि बैठक में वागड मेवाड प्रजापति समाज संस्थान का जिला सम्मेलन मार्च या अप्रैल माह में आयोजित करने पर चर्चा की गई। सह सचिव कालू प्रजापत ने बताया कि बैठक में मंदिर परिसर में सीसी रोड बनाने सहित अन्य विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के पश्चात स्नेहभोज का आयोजन भामाशाह विजय प्रजापत सराय की ओर से किया गया। बैठक में दलाजी इंटाली, शिवराम सराय, अंबालाल नवानिया, उदयलाल खेड़ी, मांगीलाल इंटाली, धनराज सराय, रूपलाल ढावा, दीपलाल घासा, पन्नालाल भटेवर, लोगरलाल दरौली, गेहरी लाल, केसुलाल सहित समाज के कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे

# प्रतापनगर पुलिस ने अफीम तस्करी में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के अभियान के तहत प्रतापनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश औझा और वृताधिकारी छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में यह सफलता हासिल की गई। गश्त के दौरान पुलिस ने मंगलवाड़, चित्तौड़गढ़ के रहने वाले दो तस्कर दुगार्शंकर अहीर और श्यामलाल को गिरफ्तार किया। इनके पास से 101.11 ग्राम अफीम दूध और 1 लाख 50 हजार नकद बरामद हुए। जांच के दौरान पता चला कि यह अफीम दूध खरीदने के लिए सुरेश शर्मा नामक व्यक्ति आया था। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी भरत योगी, हेड कांस्टेबल तख्त सिंह, विश्वेंद्र सिंह, कांस्टेबल कैलाश, हरदयाल, इंद्रराज शामिल रहे।

# चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस का वॉलीबाल लीग और क्रिकेट लीग का भव्य आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर ।** द इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ऑफ इंडिया की उदयपुर शाखा के तत्वाधान में वालीबॉल लीग और क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन ने बताया कि वालीबॉल लीग जो कि शनिवार को उदयपुर स्पोर्टस एरिना, सौभागपुरा में आयोजित किया गया। पहली बार उदयपुर शाखा के चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, सीजीएसटी विभाग, और एसजीएसटी विभाग के बीच वालीबॉल मैच खेले गये। वालीबॉल लीग के उद्घ्याटन समारोह में मुख्य अतिथि सीजीएसटी, ज्वाइंट कमीश्नर रोशन बड़ीयाल उपस्थित रहे। चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की वालीबॉल लीग मैच में उदयपुर शाखा की टीम ने जीत हासिल कर लीग की विजेता बनी। इसी क्रम में रविवार को चावत स्पोर्टस अकेडमी, न्यू नवरत्न, भुवाणा में क्रिकेट लीग के मैच हुये, इस लीग में 8 टीम ने भाग लिया, लीग के मुख्य प्रायोजक सीए. विरेन्द्र सिंह नाहर (नाहर लिजेन्ड), सीए. केशव मालू (केएमए किंगस), सीए सतीश चन्द्र जैन (एससीजे स्ट्राईकर), सीए राहुल बडाला (बडाला वरियर्स), सीए अभय शाह (शाह रॉयल), सीए यशवंत मंगल (मंगल बाजीगर्स), सीए सौरभ गोलछा (गोलछा टाइटनस), सीए. कौश्खल जैन (कौशल नाइट राइडरस) थे। क्रिकेट लीग के कॉर्डिनेटर सीए. अंकित जैन, सीए. जिगर औदिच्य, सीए. रौनक शुक्ला, सीए. विजय मेनारिया रहे। क्रि-केट लीग में नाहर लिजेन्ड टीम रनरअप और बडाला वरियर्स टीम विजेता रही। इस अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष सीए. राहुल माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती, सीकासा अध्यक्ष हितेश भदादा, सीए. शैलेन्द्र प्रकाश कुणावत और सचिव सीए. प्रतिभा जैन उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रथम जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**प्रतापगढ़ ।** जिले में 58वें पुलिस महानिदेशक महानिरीक्षक सम्मेलन-2023 की सिफारिशों के तहत आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में प्रथम जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने किया। इस अवसर पर महानिरीक्षक पुलिस बांसवाड़ा रेंज एस. परिमला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल, समस्त वृताधिकारी, थानाधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महानिरीक्षक एस. परिमला ने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिले में रात्रि विश्राम सहित एक दिवसीय पुलिस सम्मेलन की सिफारिश की गई थी। इस क्रम में आयोजित इस सम्मेलन में महिला अपराध, साइबर सुरक्षा, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, अंतर्राज्यीय गैंग नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं पर चार सत्रों में गहन विचार-विमर्श हुआ।

वन स्टॉप सेंटर की विधिक सलाहकार नेहा तिवारी ने महिला एवं बाल अत्याचारों पर त्वरित कार्रवाई और पुनर्वास के उपायों पर जानकारी दी। सम्मेलन के बाद रिजर्व पुलिस लाइन में मुलाजमानों की संपर्क सभा आयोजित हुई। इसके अतिरिक्त ग्राम चिकलाड, थाना देवगढ़ में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए गए। यह सम्मेलन पुलिस और जनता के सहयोग को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के नए तरीकों पर फोकस करने में सफल रहा।

# पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण-पत्र जमा करवाने की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** राज्य सरकार के आदेशानुसार पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण-पत्र जमा करवाने एवं इसके अतिरिक्त सहायक कर्मचारी को छोड़कर सेवारत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से पोर्टल पर जीवित प्रमाण पत्र जारी करने की अवधि 31 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त निदेशक भारती राज ने बताया कि ऑनलाइन पेंशन पोर्टल, ई-मित्र, बायोमेट्रिक विधि से राजस्थान के विभिन्न कोषालयों व उपकोषालयों एवं पेंशन कार्यालय में राजपत्रित अधिका-री से हस्ताक्षरित करवाकर जीवित प्रमाण-पत्र जमा करा सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि पेंशन कार्यालय उदयपुर द्वारा इस वर्ष अब तक 951 डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र बनाये जा चुके है। पेंशन कार्यालय उदयपुर में निःशुल्क ऑनलाईन जीवन प्रमाण पत्र बनाये जा रहे हैं।

# फर्जी लोन के नाम पर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर ।** जिले के थाना सवीना क्षेत्र में फर्जी लोन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है। प्रार्थी मोहनलाल रेगर निवासी जासमा, थाना भुपालसागर ने 24 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी राजेंद्र सिंह ने गोविंद पाराशर के माध्यम से उनके आधारकार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज लिए। लोन स्वीकृत करवाने के बहाने राजेंद्र सिंह और युवराज सिंह ने उनसे 13 लाख 75 हजार का एग्रीमेंट साइन करवाया और बैंक खाते से 4 लाख रुपये निकाल लिए। प्र-करण दर्ज कर अनुसंधान के बाद थाना सवीना पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्-ाक उमेश ओझा और पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी अजयसिंह राव ने अपनी टीम के साथ मुख्य आरोपियों संदीप सांखला और देवराजसिंह खांखला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जांच में सामने आया कि देवराजसिंह खांखला के खिलाफ पूर्व में भी फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डराने और ठगी करने के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आ-रोपियों से पूछताछ के बाद बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस टीम में थानाधिकारी अजयसिंह राव, सहायक उप निरीक्षक लालसिंह राव, हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह शामिल रहे।

# सहायक कलेक्टर (प्रशिक्षण) के पद पर परमजीत एवं निलेश कुमार कलाल ने किया पदभार ग्रहण



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर ।** सहायक कलेक्टर के पद पर परमजीत एवं निलेश कुमार कलाल ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया । उन्होंने कहा की जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में सरकार की योजनाओं की बारीकी से मॉनिटरिंग करने व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बारीकी से जानने का अवसर प्राप्त होगा। राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित अधिकारियों को विभाग द्वारा 02 वर्ष की अवधि के लिए परीवीक्षाकाल पर नियुक्त किया गया है। हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर द्वारा संचालित संस्थानिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षु अधिकारियों को निम्नानुसार सहायक कलक्टर (प्रशिक्षण) के पद पर फील्ड अटैचमेंट किया गया है । पदभार ग्रहण करने के पश्चात सहायक कलेक्टर का कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया व शुभकामनाएं दी । इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, पवन मेहता, अभिमन्यु नागदा, सूर्यभान सिंह, संजय सुथार, शक्ति सिंह, डाल जी, इरशाद मोहम्मद, जितेन्द्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निःशुल्क चिकित्सा सहायता शिविर 10 से

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़ ।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय (डी-नोवो) जयपुर द्वारा राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की धरियावद तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से 9 दिसम्बर से पांच दिवसीय निःशुल्क एसटी आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। संस्थान के संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले की धरियावद तहसील के अन्तर्गत 10 दिसम्बर को बिलड़िया, 11 दिसम्बर को चरी, 12 दिसम्बर को अणत व 13 दिसम्बर को केसरियावाद में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# आंगन बाड़ी और स्वास्थ्य संस्थानों पर पिलाएगे विटामिन की खुराक



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिले में आगामी एक माह तक 1माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाडी केन्द्र और स्वास्थ्य संस्थानो पर विटामिन की दवा पिलाई जाएगी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सम्पत लाल मीणा ने बताया कि यह दवा वर्ष में दो बार पिलाई जाती है एवं आंखो के लिए लाभदायक है यह रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है बच्चों को विटामिन देने से निमोनिया एवं दस्त जैसे रोगों में कमी आती है, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिका-री डा. महेन्द्र लोहार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 1 से 5 वर्ष के बच्चों तक को 2 एमएल और 9 माह से 1 वर्ष तक के बच्चो को 1 एम एल दवा पिलाई जाएगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ आशा सहयोगिनी भी अभियान में सहयोग करेगी।

# जिला स्तरीय कबड्डी का सिलेक्शन ट्रायल प्रारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**प्रतापगढ़ ।** 50वी जिला स्तरीय कबड्डी बालक एवं बालिका वर्ग अण्डर 20का सलेक्शन ट्रायल जनजाति खेल छात्रावास प्रारम्भ हुआ ।उक्त प्रतियोगिता में जिले के 120बालक बालिकाओं ने भाग लिया ।जिला खेल प्रभारी महेश सिंह जाडावत ने चयन ट्रायल से सम्बंधित जानकारी प्रदान कर सभी का स्वागत किया वहीं मुख्य निर्णायक इदरमल मीणा ने प्रतियोगिता परिचय प्रस्तुत कर खेल कौशल बताएं । निर्णायक सुरेश जाट व दयाल चौधरी ने विभिन्न नियमों से अवगत कराया ।खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये कबड्डी संघ सचिव सारांश पोरवाल ने खिलाड़ियों की भूरी भूरी प्रशंसा कर कहा खेल ही है जो हमें प्रति पल सिखाता है आप राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाएं। इसी क्रम में आदित्य बाहेती, आजाद गौड़, पवन जैन, सविता चौधरी, कैलाश मीणा, गौमसिंह मीणा ने निर्णायक भूमिका में सहयोग किया।

अंत में आभार महेन्द्र सनाढ्य ने किया व संचालन शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र सुमन ने किया।

# अजमेर डिस्कॉम की अभियंता विंग को पदोन्नति का तोहफा


**16 सहायक अभियंता के पद पर तथा 15 अधिशासी अभियंता के पद पर हुए पदोन्नत**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**अजमेर ।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा अभियंता विंग के 31 अधिकारियों की डीपीसी (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) कर उन्हें पदोन्नति का तोहफा दिया गया है। इस पदोन्नति के अंतर्गत 16 कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर तथा 15 सहायक अभियंताओं को अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया है। निगम के प्रबंध निदेशक श्री के.पी. वर्मा ने बताया कि डीपीसी एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके तहत ये आदेश जारी किए गए हैं और पदोन्नत अभियंताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि अजमेर डिस्कॉम की अभियंता विंग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कठिन मेहनत और समर्पण से अजमेर डिस्कॉम को देश के शीर्ष डिस्कॉमों में स्थान दिलाया है। इस अवसर पर 31 कर्मचारियों को पदोन्नति प्राप्त हुई है। डीपीसी की विस्तृत जानकारी देते हुए सचिव प्रशासन, श्रीमती सीमा शर्मा ने बताया कि डीपीसी की अनुशंसा के आधार पर 16 कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर और 15 सहायक अभियंताओं को अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई है। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री के.पी. वर्मा ने पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि यह पदोन्नति न केवल आपके लिए, बल्कि आपके परिवार के लिए भी एक गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, आपकी मेहनत और समर्पण की वजह से ही अजमेर डिस्कॉम आज देश के शीर्ष डिस्कॉमों में शामिल है। हमें पूरा विश्वास है कि आप अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। पदोन्नत सभी अधिकारियों व कर्मचारी संगठनों ने प्रबंध निदेशक श्री के.पी. वर्मा और समस्त प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

# दु:स पैदा किए जाते हैं, सुख तो हमारी आत्मा में ही मौजूद है- भावलिंगों संत आचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**भिंड/सोनल जैन,** दुनिया में दुःख कहीं मिलते नहीं हैं। पुन्य की जीव स्वयं करता है। और सुल मौजूद है है मात्र उसे प्राप्त करना होता है। व्यक्ति स्वयं अपनी भूल से अपने को ही नरक, तिर्मन्च गति के दुःखों को पैदा करता रहता है। शाश्वत सुख- सच्चा सुख प्रत्येक जीवात्मा में विद्यमान है, उसे छोड़कर जीव उस वैभव को प्राप्त करना चाहता है जिसे प्राप्त करने के बाद उस वैभव को नियम से छोड़ना होता है। अरे भाई। वैभव प्राप्त करना ही है तो उस वैभव को प्राप्त करो जिसे प्राप्त करने के बाद कभी कंगाल नहीं होना पड़ता। वह वैभव है अपने ही आत्मा का अंतरंग गुण-वैभव । ऐसा परम पवित्र मांगलिक धर्मोपदेश कृष्णानगर जैन मंदिर में उपस्थित धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए भावलिंगी संत आचार्य भगवन श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज ने दिया ! आचार्य श्री ने धर्मसभा में दुःखों के कारण एवं के कारणों से अवगत कराते हुए बताया सुखों इस संसार में सबसे अधिक मूल्य भावों का होता है। भाव अर्थात परिणाम यदि शुभ एवं प्रशस्त हैं तो व्यक्ति शुभ गति में जाकर अनुकूल साधनों को प्राप्त करता है।

भाव यदि अशुभ-अप्रशस्त है तो जीव नरक आदि दुर्गति में जाकर करोडोंन -करोड़ों वर्षों तक दुःखों को भोगता रहता है। वहीं भाव ही यदि शुभ और अशुभ से ऊपर उठकर अपने भावों को शुद्ध बना लिया जाए तो जीव को चारों ही गलियों से रहित पंचमगति गति अर्थात मोक्ष- निर्वाण की प्राप्ति हो जाती है। भावों की संभाल स्वयं को ही करना होती है। भावों की सम्हाल से भव संभल जाते हैं, भावों के बिगड़ते ही भव-भव बिगड़ जाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक – पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय – गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in, नोट: (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई–पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है ।